

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भाजयुमो नेता श्याम पंत एवं राजेश रावत सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता श्याम पंत, राजेश रावत को श्री महंत इंद्रेश हॉस्पिटल द्वारा कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के दौरान जब कोई रक्त देने ना तो हॉस्पिटल जा रहा था और ना ही कोई रक्तदान करने आगे आ रहा था, ऐसे में युवा मोर्चा के श्याम पंत और राजेश रावत आगे आये और आज इन्द्रेश हॉस्पिटल ने श्याम पंत व राजेश रावत को सम्मानित किया।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को दिया समर्थन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। कहा कि जब तक यह व्यवस्था लागू नहीं होती है तब कि आंदोलन किया जायेगा। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जोशी ने कहा कि संघ सदैव से पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को अपना समर्थन देता आया है आज के परिपेक्ष्य में यह आंदोलन अपने चरम पर है और संपूर्ण देश के कर्मचारी वर्ग इस आंदोलन से जुड़े हुए हैं।

### मास्क न पहनने पर पांच हजार रुपये के जुर्माने का विरोध

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता व महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा है कि राज्य सरकार के मुख्यमंत्री एक तरफ मितव्ययिता के नाम पर सरकारी कर्मचारियों के वेतन कटौती, भत्ते रोकना तथा वेतन उच्चीकरण न करने का निर्णय ले चुके हैं साथ ही नई भर्तियों पर रोक लगा दी है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य महानिदेशक उत्तराखंड के लिए 20 लाख की नयी गाड़ी मुहैया करवायी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय खुद मुख्यमंत्री के पास है तो क्या मितव्ययिता यहां नहीं हो पा रही है। वहीं मॉस्क न पहनने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना जैसा तुगलगी फरमान किया गया है।

### मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने सर्वकालिक 99.22 फीसदी दावा

**संवाददाता** देहरादून। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने घोषणा कर बताया कि उसने वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 563 करोड़ रुपये मूल्य के 15,342 मृत्यु बीमा दावों का निपटान कर 99.22 फीसदी का सर्वकालिक व्यक्तिगत मृत्यु दावा–भुगतान अनुपात हासिल किया है। यह अनुपात कंपनी के पिछले पांच साल के दौरान सर्वाधिक है और यह मैक्स लाइफ का नया भरोसे का नंबर भी बन गया है। स्थापना के समय से ही मैक्स लाइफ अपने 1,12,946 पॉलिसी धारकों के 3,238 करोड़ रुपये के व्यक्तिगत मृत्यु दावों का भुगतान कर चुकी है।

## सीएम ने केदारनाथ आपदा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वर्ष 2013 में केदारनाथ आपदा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन (16 जून, 2013) केदारनाथ में भीषण आपदा आई थी जिसमें कई श्रद्धालुओं ने अपने प्राण गँवाए। त्रासदी के उस मंजर को पूरे सात साल बीत गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण किया गया। उनके मार्गदर्शन में दिव्य और भव्य केदारपुरी का नया स्वरूप आज हम सभी के सामने है। प्रधानमंत्री के द्वारा आगे भी भगवान श्री केदारनाथ एवं श्री बद्रीनाथ के विकास के लिए केन्द्र द्वारा हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया गया है। आपदा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए में बाबा केदार से प्रार्थना करता हूँ।

उत्तराखंड बीस सूत्रीय कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष नरेश बंसल ने भी जून 2013 मे आज ही के दिन श्री केदारनाथ धाम में आई भीषण आपदा को याद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं सकारात्मक पहल व राज्य सरकार के संकल्प से केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण किया गया। नरेश बंसल ने आपदा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मैं बाबा केदार से प्रार्थना की व श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना हमारी प्राथमिकता

**बैठक**

**सीएम आवास में ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग की तीसरी बैठक का आयोजन**

**सीएम ने किया जनपद टिहरी की रिपोर्ट का विमोचन**



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग की तीसरी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग द्वारा प्रस्तुत जनपद टिहरी की रिपोर्ट का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के दृष्टिगत प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना हमारी शीर्ष प्राथमिकताओं में हैं। यह भी आकलन किया जाय कि उत्तराखण्ड में जो प्रवासी उत्तराखण्डी आये हैं, उनमें से कितने लोग प्रदेश में रहकर ही रोजगार करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए महिलाओं को बैंक से लोन लेने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए भूमि खाताधारक के साथ उनकी पत्नी का नाम भी शामिल किया जाय। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत प्रदेशवासियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराये जायेंगे। इसकी भी पूरी स्टडी की जाय कि किन क्षेत्रों में कार्य करने के लिए लोग अधिक रूचि दिखा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र की योजनाओं एवं जन कल्याणकारी योजनाओं में दिशा में और तेजी से कार्य करने की जरूरत है। चाल–खाल के निर्माण की दिशा में राज्य में तेजी से कार्य हो रहे हैं। जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में हमें प्रयास करने होंगे।

उपाध्यक्ष ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग डॉ. एस.एस. नेगी ने अवगत कराया कि आयोग द्वारा अब तक तीन रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की गई हैं, जिसमें पलायन को कम करने हेतु सिफारिशें दी गई हैं। आयोग द्वारा जनपद अल्मोड़ा के ग्राम पंचायतों में पलायन के विभिन्न पहलुओं पर अंतरिम रिपोर्ट जून 2019 प्रस्तुत की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी वर्ष में जनपद चमोली, रुद्रप्रयाग एवं बागेश्वर के ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन और सबंधित आर्थिक एवं सामाजिक मुद्दों के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर सामाजिक–आर्थिक विकास को सुदृढ़ बनाने एवं पलायन को कम करने पर रिपोर्ट तैयार की जायेगी। कोविड–19 के प्रकोप के बाद उत्तराखण्ड राज्य में पर्वतीय जनपदों में घर लौटे प्रवासियों के आर्थिक पुनर्वास हेतु सिफारिशें राज्य सरकार को प्रस्तुत करना आयोग की प्राथमिकता है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, मुख्यमंत्री के तकनीकि सलाहकार नरेन्द्र सिंह, आर्थिक सलाहकार आलोक भट्ट,अपर आयुक्त ग्राम्य विकास रोशन लाल, उपायुक्त ग्राम्य विकास श्री.ए.के. राजपूत आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में कोरोना केस 1900 के पार

**कहर**

■ दो बजे तक 67 नए मामले, 1912 पहुंचा आंकड़ा

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में मंगलवार को दो बजे तक कोरोना के 67 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें टिहरी 14, देहरादून 12, अल्मोड़ा दस, हरिद्वार आठ, नैनीताल और पौड़ी में दो–दो, पिथौरागढ़ में सात, ऊधमसिंहनगर में आठ और उत्तरकाशी में चार मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही पांच लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं। फिलहाल, प्रदेश में 680 मामले एक्टिव हैं, जबकि 25 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 13 संक्रमित मरीज राज्य से बाहर चले गए हैं। वहीं, सबसे अधिक 493 मामले देहरादून में सामने आए हैं, जिनमें 267 लोग स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमण का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को 1222 सैंपलों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव मिली है, जबकि 67 में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। आपको बता दें कि अबतक 39552 लोगों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई हैं, जबकि 1912 कोरोना से संक्रमित पाए गए। हालांकि इनमें से 1194 लोग स्वस्थ हो गए हैं। वहीं, मंगलवार को 1244 सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, जबकि 4621 सैंपलों की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

**पिथौरागढ़ में कोरोना के सात नए मामले**

पिथौरागढ़ जिले में सात और कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। सभी दिल्ली और मेरठ से लौटे हैं। पॉजिटिव मिले लोगों में एक 12 साल की बालिका भी शिमिल है। सभी लोग 26 मई को बस से आए थे। इनके साथ आई एक महिला के पॉजिटिव मिलने के बाद सभी को 14 दिन का क्वारंटाइन करने के बाद भी संस्थागत क्वारंटाइन में रखा गया था। ये सभी विकासखंड गोलीहाट के हैं। जिले में अब संक्रमितों की संख्या 60 हो गई है।

**अल्मोड़ा जिले में दस कोरोना पॉजिटिवः** अल्मोड़ा में मंगलवार को 10 लोगों में कोरोना संक्रमण पाया गया है। संक्रमित प्रवासियों में छह दिल्ली, तीन गुड़गांव और एक मुंबई से पहाड़ लौटा था। इनमें तीन भिकियासैंण ब्लॉक, ताकुला और लमगड़ा के दो–दो, जहकि हवालबाग, सल्ट और स्यालदे निवासी एक–एक प्रवासी शामिल है। जनपद में कुल कोरोना पॉजिटिव का आंकड़ा 85, जबकि सक्रिय मामले 11 हो गए हैं। 73 प्रवासियों ने कोरोना को मात भी दी है।

**ऊधमसिंह नगर में मिले आठ कोरोना संक्रमितः** ऊधमसिंह नगर में आठ और कोरोना पॉजिटिव केस मिले हैं।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट संचालन को सब्सिडी पर डीजल के परमिट जारी करे सरकारः रघुनाथ

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि विगत कई महीनों से पब्लिक ट्रांसपोर्ट संचालित न होने की वजह से साधन विहीन लोगों, उद्यमों अन्य संस्थानों में काम करने वाले आमजन परेशान हैं पब्लिक ट्रांसपोर्ट संचालन के लिए सब्सिडी पर डीजल के परमिट सरकार को जारी करने चाहिए। नेगी ने कहा कि सरकार की योजना आधी क्षमता (सवारियों) के साथ बस, विक्रम आदि चलाने की है, जोकि धरातल पर संभव नहीं है क्योंकि ड्राइवर–कंडक्टर का वेतन, बीमा अन्य खर्च इतना अधिक है कि वाहन सड़क पर उतारना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका सिर्फ और सिर्फ एक ही उपाय है कि सरकार बसों, विक्रम आदि ट्रांसपोर्ट को डीजल में सब्सिडी के परमिट जारी कर इनको राहत दे, जिससे वाहन सड़कों पर दौड़ सकें तथा जिससे आमजन को भी राहत मिल सके।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।